# न्यूजीलैंड टीम की दमदार जीत

## कॉन्वे की फिफ्टी और फार्ग्युसन-सीयर्स की घातक गेंदबाजी से मिली बड़ी जीत

### 1-1 से न्यूजीलैंड ने बराबर की सीरीज

हैमिल्टन, 17 मार्च. हैमिल्टन में खेले गए दूसरे टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका को 68 रनों से करारी शिकस्त दी. इस जीत के साथ ही कीवी टीम ने पांच मैचों की टी-20 सीरीज को 1-1 से बराबरी पर ला खड़ा किया है. मैच के हीरो रहे डेवन कॉन्वे, जिन्होंने दबाव के बीच बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेलकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया और बाद में गेंदबाजों ने उस स्कोर को मजबूती से डिफेंड किया. टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला दक्षिण अफ्रीका के लिए उल्टा साबित हुआ. न्यूजीलैंड की शुरुआत भले ही साधारण रही, लेकिन डेवन कॉन्वे ने एक छोर संभालकर शानदार बल्लेबाजी की. उन्होंने 49 गेंदों में 60 रन बनाए, जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल थे. कॉन्वे की पारी की खास बात यह रही कि उन्होंने परिस्थिति के अनुसार खेलते हुए टीम को स्थिरता दी और रनगति को भी बनाए रखा. मध्यक्रम में निक केली ने तेज 21 रन बनाकर टीम को गति दी, जबकि कप्तान मिचेल सैंटनर ने 20 रनों की उपयोगी पारी खेली. अंतिम ओवरों में कोल मैककोन्ची और जॉश क्लार्कसन ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए स्कोर को 175 तक पहुंचाया. क्लार्कसन ने सिर्फ 9 गेंदों में नाबाद 29 रन बनाकर मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया. दक्षिण अफ्रीका की ओर से गेंदबाजी में वियान मुल्डर सबसे सफल रहे, जिन्होंने दो विकेट लिए. इसके अलावा गेराल्ड कोएत्जी, केशव महाराज, जॉर्ज लिंडे और ऑटनील बार्टमैन को एक-एक सफलता मिली. हालांकि, दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज न्यूजीलैंड को बड़े स्कोर से रोकने में पूरी तरह नाकाम रहे.



176 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत बेहद खराब रही. शुरुआती झटकों के बाद टीम कभी संभल नहीं सकी और नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे. न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने शुरू से ही दबाव बनाकर रखा, जिसका असर दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों के प्रदर्शन पर साफ दिखाई दिया. जॉर्ज लिंडे ने जरूर आक्रामक अंदाज में 12 गेंदों पर 33 रन बनाकर थोड़ी उम्मीद जगाई, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से कोई खास समर्थन नहीं मिला. रुबिन हरमन (19), वियान मुल्डर (16) और जेसन स्मिथ (13) ने कुछ रन जरूर बनाए, लेकिन वे टीम को संकट से बाहर नहीं निकाल सके. नतीजा यह रहा कि पूरी टीम 15 .3 ओवर में सिर्फ 107 रन बनाकर ढेर हो गई.

यह मुकाबला न्यूजीलैंड के हरफनमौला प्रदर्शन का बेहतरीन उदाहरण रहा, जहां बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग-तीनों विभागों में टीम ने विपक्षी पर पूरी तरह दबदबा बनाया. आने वाले मैचों में दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है, लेकिन इस जीत से न्यूजीलैंड का आत्मविश्वास जरूर बढ़ा होगा.



## आईपीएल के अधिकतर मैचो से बाहर हो सकते है हर्षित

**कोलकाता.** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के तेज गेंदबाज हर्षित राणा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के अधिकतर मैचों से बाहर रह सकते है. हर्षित राणा इस समय फरवरी में हुई घुटने की सर्जरी से उबर रहे हैं. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का चिकित्सा दल ने अभी तक उनकी वापसी की कोई तारीख तय नहीं की है. आईपीएल का 28 मार्च से 19वें सीजन का आगाज होने जा रहा है. राणा को टी-20 विश्व कप से पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अभ्यास मैच के दौरान घुटने में खिंचाव आ गया था, वह इस समय रिहैब कर रहे हैं. अगर राणा पूरे आईपीएल सीजन में नहीं खेल पाते हैं तो यह लगातार दूसरा बड़ा टूर्नामेंट होगा जिसमें वह खेलने से चूक जाएंगे. राणा को रविवार को सर्वश्रेष्ठ नवोदित खिलाड़ी के पुरस्कार से सम्मानित किया गया था.

# मियामी ओपन : 20 खिलाड़ियों के नाम वापस




**मियामी, 17 मार्च 2026 मियामी ओपन शुरू होने से ठीक पहले टेनिस जगत में बड़ा उलटफेर देखने को मिला है. पुरुष और महिला दोनों वर्गों को मिलाकर कुल 20 खिलाड़ियों ने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया है.**

इस सूची में दुनिया के शीर्ष खिलाड़ी और कई ग्रैंड स्लैम विजेता शामिल हैं, जिससे टूर्नामेंट की प्रतिस्पर्धा और संतुलन पर बड़ा असर पड़ सकता है. सबसे चौंकाने वाला नाम पुरुष वर्ग में दुनिया के नंबर तीन खिलाड़ी नोवाक जोकोविच का है. पांच बार मियामी ओपन खिताब जीत चुके जोकोविच का हटना फैंस और आयोजकों के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है. उनके अनुभव और रिकॉर्ड को देखते हुए वह हमेशा इस टूर्नामेंट के प्रमुख दावेदारों में शामिल रहते हैं. महिला वर्ग में एमा राडुकानू का नाम भी इस लिस्ट में प्रमुखता से सामने आया है. राडुकानू, जो अपने शानदार खेल और लोकप्रियता के लिए जानी जाती हैं, ने ड्रॉ घोषित होने के बाद टूर्नामेंट से हटने का फैसला लिया. उनके हटने से महिला सिंगल्स ड्रॉ में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है. दरअसल, शनिवार तक कुल 13 खिलाड़ियों ने मियामी ओपन से नाम वापस लिया था, लेकिन उसके बाद यह संख्या बढ़कर 20 हो गई. हाल ही में पांच महिला और दो पुरुष खिलाड़ियों ने और हटने का फैसला किया. इससे टूर्नामेंट के आयोजन से पहले ही चर्चा का माहौल बन गया है. इससे पहले जिन बड़े खिलाड़ियों ने नाम वापस लिया था, उनमें होल्गर रूने, बारबोरा क्रेजिकोवा और मार्केटा वोंद्रूसोवा जैसे नाम शामिल हैं. ये सभी खिलाड़ी अपने-अपने वर्ग में मजबूत दावेदार माने जाते थे, ऐसे में इनके हटने से प्रतिस्पर्धा का स्वरूप बदल गया है.

टूर्नामेंट का आयोजन हार्ड रॉक स्टेडियम में किया जा रहा है, जहां 2019 से लगातार यह प्रतियोगिता आयोजित हो रही है. पिछले साल के चैंपियन खिलाड़ियों की बात करें तो महिला वर्ग में आर्यना सबालेंका और पुरुष वर्ग में जैकब मेंसिक ने खिताब जीता था. दोनों खिलाड़ियों ने यहां अपना पहला खिताब जीतकर इतिहास रचा था. इस बार भी उनसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है, लेकिन बड़े खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी से मुकाबले का समीकरण अलग हो सकता है खिलाड़ियों के लगातार हटने के पीछे कई कारण माने जा रहे हैं.

### एक नजर में

## उत्तर क्षेत्र टीम को मिला पांच लाख का पुरस्कार

**नयी दिल्ली.** दिल्ली एंड डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली ने जेके बोस इंटर-जोनल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट की चैंपियन उत्तर क्षेत्र टीम के लिए पांच लाख रुपये के नगद पुरस्कार की घोषणा की है. अरुण जेटली स्टेडियम में सोमवार को स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजेएफआई) के गोल्डन जुबली एडिशन का नेशनल कन्वेंशन समापन समारोह में डीडीसीए के अध्यक्ष रोहन जेटली ने विजेताओं को ट्रॉफी दी और जेके बोस इंटर-जोनल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट की चैंपियन टीम, नॉर्थ जोन के लिए पांच लाख के नकद इनाम का ऐलान किया. रोहन जेटली ने कहा, 'चूंकि नॉर्थ जोन जीता है, इसलिए एसोसिएशन की ओर से मैं जीतने वाली टीम के लिए पांच लाख के नकद इनाम का ऐलान करना चाहूंगा. क्रिकेट प्रशासन और पत्रकारिता समीक्षाओं के बीच संतुलन बेहद जरूरी है. चाहे वह आलोचना हो या फीडबैक, एक प्रशासक के लिए यह बेहद जरूरी है. हमें यह समझने की आवश्यकता है कि हम कहां गलती कर रहे हैं. अपनी गलतियों को जानना और उनमें सुधारना जरूरी है.' कन्वेंशन के पहले दिन खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे और खेल सचिव हरि रंजन राव ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई और देश भर से आए पत्रकारों को संबोधित किया. पत्रकारों के साथ शनिवार को सांसद अनुराग ठाकुर के साथ एक विशेष बातचीत की. इस कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष और राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला और भारतीय तीरंदाजी संघ के मानद महासचिव वीरेंद्र सचदेवा शामिल हुए. दिल्ली स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अभिषेक त्रिपाठी ने कहा, 'राजधानी में गोल्डन जुबली कन्वेंशन की मेजबानी करना डीएसजेए के लिए एक बहुत बड़ा सम्मान रहा है.



## खालसा, किरोड़ी मल और विवेकानंद कॉलेज पांचवें पीएसपीबी बाबा दीप सिंह हॉकी टूर्नामेंट में जीते

**नयी दिल्ली 17 मार्च. पांचवें पीएसपीबी बाबा दीप सिंह हॉकी (पुरुष एवं महिला) टूर्नामेंट के पहले दिन मेजबान श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज, किरोड़ी मल कॉलेज और विवेकानंद कॉलेज ने जीत हासिल की.**

पुरुष वर्ग के मैच में खालसा कॉलेज ने इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान संस्थान (आईजीआईपीईएस) को 6-0 से हराया. विजेता टीम के लिए विपिन ने चार गोल किए, जबकि मनीष और तनुज ने एक-एक गोल दागे. मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज के विपिन को चुना गया. श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज के मैदान में उद्घाटन समारोह में खिली धूप में पीएसपीबी के सलाहकार ललित वत्स मुख्य अतिथि थे और दिल्ली यूनिवर्सिटी के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सरिता त्यागी विशिष्ट अतिथि थीं.

# डीडीसीए ने प्रतिका-उद्धव को किया सम्मानित




**नयी दिल्ली, 17 मार्च दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ ने दिल्ली स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय सम्मेलन में भारत के विश्व कप विजेताओं प्रतिका रावल और उद्धव मोहन को सम्मानित किया.**

यहां आयोजित सम्मान समारोह में सोमवार को प्रशासक, पत्रकार और खिलाड़ी भारतीय खेलों की विभिन्न उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए एकत्रित हुए थे. सम्मान समारोह के दौरान डीडीसीए ने एकदिवसीय विश्वकप 2025 में भारतीय टीम का हिस्सा रही रावल को 51 लाख के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया. वहीं अंडर-19 वर्ल्ड कप विजेता मोहन को राष्ट्रीय जूनियर टीम के साथ उनकी उपलब्धि के लिए 11 लाख का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया. समारोह में डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली ने कहा, 'उन खिलाड़ियों को सम्मानित करना हमेशा खास होता है, जो दिल्ली की व्यवस्था से उभरकर सामने आए हैं और जिन्होंने देश का गौरव के साथ प्रतिनिधित्व किया है. इस तरह की उपलब्धियां उन अनगिनत युवा क्रिकेटरों को प्रेरित करती हैं, जो इसी राह पर चलने का सपना देखते हैं.

एक संघ के तौर पर, हमारा मानना है कि प्रतिभा की अगली पीढ़ी को निखारने में पहचान और प्रोत्साहन की अहम भूमिका होती है.' रावल ने कहा, 'जब आपको इतने बड़े मंच पर सम्मानित किया जाता है, खासकर डीडीसीए और रोहन सर द्वारा, तो सचमुच बहुत अच्छा लगता है. यह मेरे लिए अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण है. मैंने दिल्ली के लिए काफी क्रिकेट खेला है और यह एक ऐसा पल है, जिसे मैं जीवन भर संजोकर रखूंगी.'




## डेन वैन नीकेर्क न्यूजीलैंड दौरे से हुई बाहर

**हैमिल्टन.** दक्षिण अफ्रीका महिला टीम की ऑलराउंडर डेन वैन नीकेर्क पिंडली की चोट के कारण न्यूजीलैंड दौरे के बाकी मैचों से बाहर हो गई हैं। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के अनुसार, 32 साल की इस खिलाड़ी को दाहिनी पिंडली में चोट लगी है। दोनों टीमों के बीच पहले महिला टी- 20 मैच से पहले उन्हें परेशानी महसूस हुई थी। वह उस मैच में नहीं खेलीं और अब न तो शेष टी-20 मैचों और न ही उसके बाद होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में हिस्सा लेंगी। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने उनकी जगह एनेके बॉश को टीम में बुलाया है। डेन वैन नीकेर्क चार साल के अंतराल के बाद दिसंबर में टी-20 टीम में वापस आई थीं। उन्होंने आयरलैंड और फिर पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेले थे। पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय मैच न खेल पाने के बाद, वह न्यूजीलैंड में इस प्रारुप में खेलने के लिए तैयार थीं।

# बेवन जैकब्स दूसरे टी-20 से हुए बाहर

**हैमिल्टन, 17 मार्च न्यूजीलैंड के मध्यमक्रम के बल्लेबाज बेवन जैकब्स अपने बाएं घुटने में चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी-20 मुकाबले से बाहर हो गए हैं. उनकी जगह टीम में अनकैप्ड खिलाड़ी कैटेन क्लार्क को शामिल किया गया है.**

23 साल के जैकब्स माउंट माउंगानुई में खेले गए पहले टी-20 के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय अपने बाएं घुटने के बल गिर पड़े थे, जिसके बाद उन्हें मैदान से बाहर ले जाना पड़ा. उनके घुटने का स्कैन किया गया, जिसमें पता चला कि उनके घुटने के एक तरफ हड्डी में चोट (बोन ब्रूजिंग) लगी है.




न्यूजीलैंड क्रिकेट ने एक बयान में कहा, 'जैकब्स के मैदान पर वापसी की समय-सीमा तय करने के लिए अभी और जांच की आवश्यकता है.'

क्लार्क ने सुपर स्मैश टूर्नामेंट में नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई थी, जहां वह सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे. 26 साल के इस दाएं हाथ के ओपनर ने नौ पारियों में कुल 431 रन बनाए, जिसमें ओटागो के खिलाफ एक शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं. इस दौरान उनका औसत 61.57 और स्ट्राइक रेट 171.71 रहा.

# द. अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को 18 रनों से हराया

**हैमिल्टन,17 मार्च ताजमिन ब्रिट्स (53), कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट (नाबाद 41) की शानदार बल्लेबाजी के बाद अयाबोंगा खाका (चार विकेट) और एन म्लाबा (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने मंगलवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड को 18 रनों से शिकस्त दी.**



इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका ने पांच मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली हैं. आज यहां दक्षिण अफ्रीका की महिला ने टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 177 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया. सुने लुस और ताजमिन ब्रिट्स की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 62 रन जोड़े. सातवें ओवर में अमेलिया केर ने सुने लुस 21गेंदों में (31) को पगबाधा आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा. ताजमिन ब्रिट्स ने 43 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 53 रनों की पारी खेली. उन्हें 13वें ओवर में अमेलिया केर ने आउट किया. एनेरी डर्कसन (2), क्लो ट्रायॉन (2) और एन डीक्लर्क (चार) रन बनाकर आउट हुई. लॉरा वोल्वार्ड्ट ने 33 गेंदों में चार चौके लगाते हुए नाबाद 41 रन बनाये.

## अनाहत अपने खिताब का बचाव करने खेलेंगी



**मुम्बइ.** स्टार खिलाड़ी अनाहत सिंह सीसीआई ब्रेबॉर्न स्टेडियम में बुधवार को इंडियन ओपन 2026 स्क्वैश टूर्नामेंट में अपने खिताब का बचाव करने उतरेगी। 18 मार्च से शुरु होने वाला इंडियन ओपन 2026 स्क्वैश टूर्नामेंट 22 मार्च तक चलेगा। अनाहत सिंह ने पिछले वर्ष इंडियन ओपन के पहले संस्करण में फाइनल में हांगकांग-चीन की हेलेन टैंग को हराकर महिला खिताब जीता था। 17 साल की यह खिलाड़ी फरवरी में वाशिंगटन में हुए 'स्क्वैश ऑन फायर ओपन' में अपना पहला पीएसए ब्रॉन्ज-लेवल खिताब जीतने के बाद, पूरे आत्मविश्वास के साथ इस संस्करण में उतरेंगी। अनाहत, जो वर्तमान में विश्व में 20वें नंबर पर हैं, इंडियन ओपन 2026 के महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी होंगी। अनुभवी खिलाड़ी जोशना चिनप्पा (पांचवीं वरीयता प्राप्त), नौवीं वरीयता प्राप्त तन्वी खन्ना, राधिका सीलन और शमीना रियाज मुंबई में होने वाले 22-सदस्यीय महिला वर्ग में शामिल अन्य भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी होंगी।



## शुरुआत में बल्लेबाजी मुश्किल लग रही थी

**हैमिल्टन.** न्यूजीलैंड के कप्तान मिशेल सैंटनर ने कहा कि शुरुआत में बल्लेबाजी मुश्किल लग रही थी लेकिन हमने एक अच्छा स्कोर बना सके. दक्षिण अफ्रीका को 68 रनों से हराने के बाद सैंटनर ने कहा, 'यह अच्छा रहा. शुरुआत में बल्लेबाजी करना थोड़ा मुश्किल लग रहा था, लेकिन हमने एक अच्छा स्कोर बना लिया. गेंदबाजी का प्लान यह था कि हार्ड लेंथ पर गेंद डाली जाए. जिस तरह से केशव ने गेंदबाजी की, उसे देखकर लगा कि जब आप गेंद की गति धीमी करते हैं, तो पिच से कुछ मदद मिलती है.

**नई रणनीति** | आईपीएल 2026 से पहले बल्लेबाजी कोच बने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज

# गुजरात टाइटंस में हेडन की एंट्री

### 28 से शुरू होगा आईपीएल

**आईपीएल 2026 से पहले गुजरात टाइटंस ने अपने कोचिंग स्टाफ में बड़ा बदलाव करते हुए ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज मैथ्यू हेडन को टीम का बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है.**

यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब टीम आगामी सीजन के लिए अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे रही है. आईपीएल 2026 से पहले सभी टीमें अपनी तैयारियों को मजबूत करने में जुटी हैं और इसी कड़ी में शुभमन गिल ने एक अहम फैसला लेते हुए अपने कोचिंग स्टाफ में बदलाव किया है. फ्रेंचाइजी ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विस्फोटक ओपनर मैथ्यू हेडन को बल्लेबाजी कोच के रूप में टीम से जोड़ा है. यह कदम टीम के बल्लेबाजी विभाग को और मजबूत करने की दिशा में उठाया गया है. मैथ्यू हेडन का क्रिकेट करियर बेहद शानदार रहा है. उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऑस्ट्रेलिया के लिए तीनों फॉर्मेट में 15,000 से ज्यादा रन बनाए हैं. टेस्ट क्रिकेट में उनकी गिनती दुनिया के सबसे सफल ओपनरों में होती है.



इसके अलावा, वह दो बार विश्व कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा भी रहे हैं, जिससे उनका अनुभव और भी ज्यादा मूल्यवान हो जाता है. आईपीएल में भी हेडन का प्रदर्शन प्रभावशाली रहा है. उन्होंने 32 मैचों में 1,107 रन बनाए और चेन्नई सुपर किंग्स के साथ 2010 में खिताब भी जीता. टी20 क्रिकेट की उनकी समझ और बड़े मैचों का अनुभव गुजरात टाइटंस के बल्लेबाजों को नई दिशा देने में मदद करेगा. सीजन की शुरुआत 28 मार्च से होने जा रही है.